खबर संक्षेप

सूने मकान से जेवरात व नकदी पार, खेत से मोटर ले गये बदमाश

कटनी। माधवनगर और स्लीमनाबाद थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातें हुई। चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाने के साथ-साथ खेत से उपकरण भी पार कर दिये। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामले दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना क्षेत्र के खैबर लाइन स्थित शनि मंदिर के सामने रहने वाले प्रकाश सिंघानी 46 वर्ष के घर में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चोर घर के अंदर घुसकर अलमारी और बक्से खंगाले तथा वहां रखे सोने-चांदी के कीमती जेवरात के साथ-साथ 15 से 20 हजार रुपये नगद चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलने पर माधवनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इसी तरह स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लखनवारा में चोरों ने किसानों को अपना निशाना बनाया है। प्रार्थी राजाराम जायसवाल 30 वर्ष के खेत से अज्ञात चोर सिंचाई में उपयोग होने वाली कीमती मोटर चोरी कर ले गए। चोरी की यह घटना 18 अक्टूबर की शाम से 21 अक्टूबर के बीच की बताई जा रही है। किसान की शिकायत पर स्लीमनाबाद थाने में प्रकरण दर्ज कर पुलिस चोरों की सुरागसाजी में जुट गई है।

ढीमरखेड़ा के नए सीईओ ने संभाला कार्यभार

कटनी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी स्थानांतरण सूची के अनुपालन में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में प्रशासनिक बदलाव हुआ है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर के निर्देशों के पालन में उपायुक्त विकास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी शकृष्णकांत पांडे ने शुक्रवार, 23 अक्टूबर को पूर्वाह्न में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। गौर हो कि राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के तहत जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के निवर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुवेंद्र कोरी का स्थानांतरण जिला पंचायत जबलपुर में परियोजना अधिकारी के पद पर किया गया है। शासन के इस प्रशासनिक फेरबदल के बाद कृष्णकांत पांडे ने ढीमरखेड़ा में नई जिम्मेदारी संभाल ली है।

दायित्व निर्वहन में लापरवाही पर लाईनमैन निलंबित

स्लीमनाबाद। विद्युत वितरण केंद्र स्लीमनाबाद मे कार्यरत लाईनमैन प्रिंस कोल को पदीय दायित्वों के निर्वहन पर लाफ़रवाही बरतना भारी पड़ गया। कार्यपालन अभियंता शैलजा सिंह चौहान ने उक्त परीक्षण सहायक प्रिंस कोल को कार्य के प्रति लाफ़रवाही बरतने ओर पदीय दायित्वों के प्रति अनियमितता बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि मे उक्त लाइनमेंन को ढीमरखेड़ा संलग्न किया गया है। लाईनमैन के निलंबन का आदेश होते ही स्लीमनाबाद विद्युत वितरण केंद्र के लाईनमैनो मे हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गईं। कार्यपालन अभियंता के द्वारा की कार्रवाई अन्य कर्मचारियों के लिए भी एक संदेश के रूप में देखी जा रही है कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।गौरतलब है कि स्लीमनाबाद क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति और मेंटेनेंस को लेकर अक्सर उपभोक्ताओं द्वारा शिकायतें की जाती रही हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार संबंधित कर्मचारी के खिलाफ भी उपभोक्ताओं को समय पर सेवा न देने और कर्तव्य में लापरवाही की शिकायतें सामने आई थीं, जिसके बाद जांच कर यह कार्रवाई की गई। कार्यपालन अभियंता शैलजा सिंह चौहान ने स्पष्ट किया है कि विभाग में अनुशासन और जवाबदेही सर्वोपरि है जो भी कर्मचारी अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतेगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एनओसी जारी करने मांगी थी रिश्वत, पीड़ित की शिकायत पर बिछाया जाल

रिश्वतखोर को दबोचा: ननि के लिपिक को 20 हजार की घूस लेते लोकायुक्त ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम की संपदा शाखा में पदस्थ लिपिक आलोक गर्ग को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए जबलपुर लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथों दबोच लिया। लिपिक गर्ग ने ट्रांसपोर्ट नगर में निर्माण कार्य के लिए बैंक से ऋण लेने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने के बदले में रिश्वत की मांग की थी। लोकायुक्त की कार्रवाई ने नगर निगम की कार्यप्रणाली और नागरिकों को मिलने वाली सेवाओं में कथित भ्रष्टाचार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रार्थी ट्रांसपोर्ट नगर में आवंटित भूखंड पर निर्माण कराने के लिए बैंक से ऋण लेना चाहता था। इसके लिए उसे नगर निगम से एनओसी की आवश्यकता थी। आरोप है कि इस आवश्यक दस्तावेज को जारी कराने के एवज में उससे 25 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई थी।

जानकारी के अनुसार जालपा वार्ड निवासी ट्रांसपोर्टर अशोक कनकने को ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में प्लॉट आवंटित है। भूखंड पर निर्माण कार्य कराने के लिए उन्होंने बैंक से ऋण लेने की प्रक्रिया शुरू की थी। बैंक की ओर से आवश्यक दस्तावेजों के साथ नगर निगम की अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करने को कहा गया था। इसके बाद अशोक कनकने ने 24 सितंबर 2026 को नगर निगम में एनओसी के लिए आवेदन दिया। आरोप है कि नगर निगम की संपदा शाखा में ट्रांसपोर्ट नगर का काम देखने वाले यूडीसी आलोक गर्ग ने एनओसी जारी कराने के एवज में 25 हजार रुपये की मांग की। रिश्वत की मांग से परेशान होकर शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त जबलपुर से संपर्क किया और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई।

पकड़ने बनाई योजना

शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त पुलिस ने मामले का सत्यापन कराया। शिकायत में लगाए गए आरोपों की पुष्टि होने के बाद आरोपी को पकड़ने के लिए योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप की कार्रवाई की गई। बताया गया कि आरोपी कथित तौर पर 25 हजार रुपये की मांग के बाद 20 हजार रुपये लेने के लिए तैयार हो गया था। शुक्रवार को लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने नगर निगम कटनी की संपदा शाखा में कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये लेते समय आलोक गर्ग को पकड़ लिया। कार्रवाई का नेतृत्व लोकायुक्त उपपुलिस अधीक्षक रेखा प्रजापति के निर्देशन में किया गया। टीम में निरीक्षक शशिकला मसकुले, निरीक्षक राहुल रजनी सहित लगभग 10 सदस्य शामिल बताए गए हैं।

हाथ धुलाते ही रंग हुआ गुलाबी

ट्रैप कार्रवाई के दौरान रिश्वत की रकम बरामद किए जाने के बाद लोकायुक्त टीम ने नियमानुसार रासायनिक परीक्षण की प्रक्रिया भी अपनाई। आरोपी के हाथ विशेष रासायनिक घोल में डलवाए गए, जिसके बाद घोल का रंग गुलाबी हो गया। रिश्वत के मामलों में इस प्रकार का परीक्षण नोटों के संपर्क में आने से जुड़े साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया का हिस्सा होता है। हालांकि, अंतिम निष्कर्ष जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर ही निकाला जाएगा।

कार्रवाई के बाद आरोपित को सिविल लाइन स्थित रेस्ट हाउस ले जाए जाने की जानकारी सामने आई है, जहां आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई किए जाने की जानकारी है।

जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार, 24 अक्टूबर को सायं 5 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई है।

बैठक में कानून व्यवस्था, रेलवे अंतर्गत जनहित निर्माण कार्यों, एनएचएआई अंतर्गत निर्माण कार्यों, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), अमृत योजना, प्रधान मंत्री आवास - शहरी और ग्रामीण, विकसित भारत जी राम जी योजना, जल जीवन मिशन के कार्यों, स्वास्थ्य विभाग- मातृ एवं बाल स्वास्थ्य एवं टीबी मुक्त भारत अभियान, रेडक्रॉस समिति के आय व्यय, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग - सेतु व सड़क के निर्माण, कृषि विभाग- धान उपार्जन की तैयारी व रबी हेतु उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा सहित पंचायत अंतर्गत खेल मैदानों पर चर्चा की जायेगी।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने सभी संबंधित विभागों को एजेंडा अनुसार जानकारी तत्काल पावर्ड पाइंट प्रस्तुतिकरण में तैयार कर जिला पंचायत कार्यालय में जमा करने एवं भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों एवं अन्य विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति के साथ नियत तिथि, समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

लापरवाही स्वास्थ्य अधिकारी को किया निलंबित

कटनी। नगर निगम की व्यवस्थाओं में लापरवाही और बार-बार निर्देशों की अवहेलना पर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने सख्त रुख अपनाते हुए स्वास्थ्य अधिकारी संजय कुमार सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अमीरगंज गौशाला की व्यवस्थाओं, आवारा पशुओं के नियंत्रण, नगर की साफ-सफाई तथा विभागीय कार्यों की निगरानी में गंभीर अनियमितताओं और समीक्षा बैठकों में दिए गए निर्देशों का समय-सीमा में पालन नहीं किए जाने को लेकर निगमायुक्त ने यह कार्यवाही की है। अमीरीगंज गौशाला में पशुओं की स्थिति, चारा-पानी, उपचार एवं साफ-सफाई संबंधी शिकायतों के सामने आने के बाद स्वास्थ्य अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया था। प्रस्तुत जवाब को असंतोषजनक मानते हुए निगमायुक्त ने यह कार्यवाही की।

नितिन ट्रेडर्स में मिली अनियमितताएं, व्यवसायी को जारी किया नोटिस

संयुक्त टीम ने 12 बोरियों में रखे बिना लेबल वाले मसाले कराए नष्ट, 3 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले के नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में राजस्व और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को इमलिया स्थित नितिन ट्रेडर्स फैक्ट्री का निरीक्षण किया। जांच के दौरान फैक्ट्री में खाद्य सुरक्षा मानकों से संबंधित कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारी एप्रन, ग्लव्स सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करते नहीं पाए गए। साथ ही, कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी नहीं कराया गया था। खाद्य पदार्थों के निर्माण में इस्तेमाल किए जा रहे तेल और पैकेट पर अंकित जानकारी में भी अंतर पाया गया। मौके पर खाद्य पदार्थों को राइस ब्रान ऑयल में फ्राई किया जा रहा था, जबकि लेबल पर पाम ऑयल का उपयोग अंकित था। इसके अलावा, निर्मित खाद्य पदार्थों की जांच नियमानुसार एनएबीएल से मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से नहीं कराई गई थी।

जांच के दौरान फैक्ट्री के गोदाम में 25-25 किलोग्राम की 12 बोरियों में रखे मिक्स मसाले मिले। इन बोरियों पर मैन्युफैक्चरिंग डेट, बैच नंबर, निर्माता फर्म का नाम और एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर जैसी आवश्यक जानकारियां अंकित नहीं थीं। खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप आवश्यक विवरण नहीं होने के कारण टीम ने मौके पर ही इन मसालों का विनष्टीकरण कराया। नष्ट किए गए मसालों की अनुमानित कीमत लगभग 36 हजार रुपये बताई गई है।

जांच के दौरान टीम ने मिक्स मसाले के साथ गुणवत्ता को लेकर संदेह के आधार पर टोमेटो केचप और नाइस फ्राइम्स के नमूने भी लिए। इन नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया जा रहा है। नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण में मिली खामियां, लोगों ने बताई समस्याएं



शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार द्वारा लखेरा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। कई स्थानों पर गंदगी और जल निकासी से जुड़ी समस्याएं दिखाई दीं। निरीक्षण के दौरान लखेरा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर स्वच्छता संबंधी कमियां सामने आईं। आंगनबाड़ी केंद्र के पास कचरा जमा मिला, वहीं आरोग्य केंद्र के समीप गंदा पानी बहता दिखाई दिया। सार्वजनिक गतिविधियों के लिए बने रंगमंच के आसपास भी सफाई की कमी नजर आई। इन परिस्थितियों के कारण स्थानीय नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी के आसपास स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है, ताकि बच्चों, मरीजों और अन्य नागरिकों को असुविधा न हो। मैदानी निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने आयुक्त तपस्या परिहार के सामने अपनी शिकायतें रखीं। रहवासियों का कहना था कि क्षेत्र में नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी बनी रहती है। लोगों ने सफाई व्यवस्था को नियमित करने और जल निकासी की समस्या का समाधान कराने की जरूरत बताई।

जीरो बजट फार्मिंग के जरिए कम लागत में अधिक उत्पादन की तकनीक सीख रहे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी बनाने और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से जैविक खेती का तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे विद्यार्थियों को खेती की आधुनिक एवं कम लागत वाली तकनीकों की जानकारी दे रहे हैं।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को खेती के विभिन्न प्रकारों, जैसे विशिष्ट खेती, मिश्रित खेती, शुष्क खेती, बहुफसली खेती एवं रैंचिंग खेती के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही शस्य विज्ञान के अंतर्गत खरीफ, रबी एवं जायद की फसलों तथा अनाज, दलहनी, रेशे वाली, चारा, शर्करा, सब्जी एवं तिलहनी फसलों की विशेषताओं और उत्पादन संबंधी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया।

फसल उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को मिट्टी तैयार करने, बुवाई, उन्नत बीजों के चयन, जैविक खाद के उपयोग, सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण, पौध संरक्षण, कटाई, गहाई एवं भंडारण की वैज्ञानिक विधियों से अवगत कराया गया। यह प्रशिक्षण जीरो बजट फार्मिंग की तकनीकों पर आधारित है, जिसका उद्देश्य कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करना तथा खेती को लाभकारी बनाना है।

जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने बताया कि शस्य विज्ञान में भूमि का उचित प्रबंधन करते हुए वैज्ञानिक विधियों से फसलों को उगाने का अध्ययन किया जाता है।

जिले के 11 शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों की टीमों ने की सहभागिता

जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में बरही को हराकर तिलक महाविद्यालय बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



जिला स्तरीय कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 11 शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों की टीमों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया गया प्रतियोगिता में लीग मुकाबलों के बाद सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले खेले गए। पहले सेमीफाइनल में शासकीय महाविद्यालय बरही ने कटनी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी ने शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल मुकाबले में शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी ने शासकीय महाविद्यालय बरही को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि बरही की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 16 खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए किया गया।प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस. एस. धुर्वे की उपस्थिति में विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अरविंद शुक्ला एवं योगाचार्य दीपक मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सौरभ तिवारी, डॉ. चंद्रभान लोहार एवं डॉ. अरुण तिवारी ने कमेंट्री की। डॉ. के. के. निगम एवं डॉ. रामानुज पटेल ने दस्तावेजों का परीक्षण किया तथा डॉ. के. के. विश्वकर्मा ने उपस्थिति प्रमाण-पत्र संबंधी कार्य किया। प्राथमिक उपचार व्यवस्था में डॉ. अरविंद सिंह एवं श्री शंकर सिंह तथा प्रमाण-पत्र संबंधी कार्यों में डॉ. रश्मि त्रिपाठी एवं श्रीमती अनीता सिंह ने सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस. एस. धुर्वे ने प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले सभी महाविद्यालयों की टीमों एवं क्रीड़ा अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक मनोज चौधरी सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

विधायक ने युवाओं को सकारात्मक एवं जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने किया प्रेरित

जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक से नशे के दुष्परिणामों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी द्वारा गोद ग्राम गुलवारा, गनियारी में जन-जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, ग्राम सेवा, रस्साकशी प्रतियोगिता, नशामुक्ति शपथ और युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर से ग्राम गुलवारा तक जागरूकता रैली निकाली गई। विधायक श्री संदीप प्रसाद जायसवाल, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती सुजाता बाई, जनपद सदस्य पन्नालाल हल्दकार, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात और जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में छात्राओं, एनएसएस स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेट्स ने भाग लेकर ग्रामीणों को नशामुक्ति का संदेश दिया। ग्राम गुलवारा स्थित विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने परिवार एवं मित्रों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर विधायक संदीप प्रसाद जायसवाल ने युवाओं को स्वस्थ, सकारात्मक और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा स्वयं नशे से दूर रहें और समाज में भी नशामुक्ति का संदेश फैलाएं। वक्ताओं ने कहा कि नशामुक्त और जागरूक युवा ही विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए परिवार, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

कार्यक्रम के अंतर्गत परंपरागत खेल दिवस पर रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके माध्यम से युवाओं को शारीरिक सक्रियता, अनुशासन, आपसी सहयोग और टीम भावना का महत्व बताया गया। साथ ही भारतीय परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने और इनके माध्यम से सांस्कृतिक विरासत एवं सामुदायिक एकता को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। जनप्रतिनिधियों, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ ली। युवा संवाद के माध्यम से युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने और समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।



कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी के आगमन को लेकर बैठक में बनाई रुपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जिले के बरही मे कांग्रेस द्वारा वोट बचाओ, देश बचाओ आंदोलन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को बहोरीबंद विधानसभा के देवगांव मे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गईं!आंदोलन मे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार व प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी आएंगे!बैठक मे अधिक से अधिक संख्या मे कार्यक्रम मे शामिल होने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई! कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कटनी कांग्रेस जिला प्रभारी मनु मिश्रा, पूर्व विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष दीपक यादव,रामसुजान राजू शर्मा, उदयभान, रोहिणी, प्रेमलाल, शिवकुमार,सोनू, प्रिंस, संदीप, आरडी यादव,विकास, महेंद्र,जितेंद्र सहित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

खबर संक्षेप

मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, 37 घायल, 16 की हालत गंभीर

कटनी। कटनी जिले के ग्रामीण मजदूरों से भरी एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दर्दनाक हादसे में करीब 37 मजदूर घायल हो गए हैं, और इनमें से 16 मजदूरों की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार कटनी जिले के बाधा इमलाज गांव के रहने वाले ये सभी मजदूर छतरपुर में मूंगफली की फसल निकालने (काटने) के लिए जा रहे थे। यात्रा के दौरान देवरा गांव के पास वाहन चालक ने पिकअप पर से अपना नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण यह दुर्घटना घटी। शुरुआती जानकारी में ड्राइवर के शराब के नशे में होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस द्वारा इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सभी घायलों को पहले बिजावर अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में शिवा कुमार आदिवासी (14), राधा आदिवासी (20), गयाबाई, सीताबाई, अमियाबाई, संजना, संगीता, पानबाई, नंदनी, लल्लेबाई, राजा, रतनलाल, शिवनंदन, सुरेश, गेंदा और कन्हैया शामिल हैं। इनमें 14 वर्षीय शिवा कुमार को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

धरा गया सटोरिया, 820 रूपये नकदी किये जब्त

कटनी। उमरियापान पुलिस ने जुए और सट्टे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को सट्टा-पट्टी लिखते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नकदी, मोबाइल फोन और सट्टा सामग्री जब्त कर ली है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उमरिया पान क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से आरोपी आशीष 40 वर्ष, निवासी उमरिया पान एवं एक अन्य व्यक्ति मंझल उर्फ अशोक को संदिग्ध गतिविधियों के दायरे में लिया। छापेमारी के दौरान आरोपी के पास से एक कॉपी जिसमें सट्टा-पट्टी के अंक लिखे हुए थे, एक पेन, एक मोबाइल फोन और अवैध कारोबार से जुड़े 820 रुपये नगद बरामद किए गए।पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध जुआ एक्ट की धारा 4 क एवं बीएनएस (BNS) की सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

प्रतिभा किरण योजना का लाभ लेने 28 तक आवेदन

कटनी। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में छात्रवृत्ति से वंचित शहरी क्षेत्र की पात्र छात्राएं प्रतिभा किरण योजना का लाभ लेने के लिए 28 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। प्रतिभा किरण योजना का उद्देश्य पात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है। योजना के अंतर्गत पात्र छात्राएं स्कॉलरशिप पोर्टल 2.0 के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। योजना की पात्रता एवं अन्य आवश्यक जानकारी के लिए छात्राएं उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट ₹उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश₹ highereducation.mp.gov.in /पर जानकारी प्राप्त कर सकती हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने पात्र छात्राओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा का ध्यान रखते हुए अंतिम तिथि से पहले अपना आवेदन सुनिश्चित करें।

घर बैठे खोज सकेंगे कुशल-अकुशल श्रमिक

कटनी। श्रमिकों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और श्रमिकों एवं नियोजकों के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा 'डिजिटल लेबर चौक' मोबाइल ऐप शुरू किया गया है। इस ऐप के माध्यम से जिले के कुशल एवं अकुशल श्रमिक और काम देने वाले नागरिक एक ही डिजिटल मंच पर जुड़कर अपनी आवश्यकता के अनुसार रोजगार एवं श्रमिकों की तलाश कर सकेंगे। जिले के श्रमिक एवं नागरिक गूगल प्ले स्टोर से 'Digital Labour Chowk' ऐप डाउनलोड कर सकते हैं।

जनसमस्याओं के निराकरण में समय-सीमा और गुणवत्ता दोनों का विशेष ध्यान

निर्माण कार्यों का निरीक्षण, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





कलेक्टर आशीष तिवारी ने शुक्रवार को विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम मोहास पहुंचकर करीब 1 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन शासकीय हाईस्कूल के भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम विजयराघवगढ़ प्रमोद चतुर्वेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री पीआईयू उदल सिंह ने कलेक्टर श्री तिवारी को अवगत कराया कि हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य भी आगामी 15 से 20 दिनों में पूर्ण हो जाएगा। इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि भवन के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराकर विद्यालय में कक्षाओं का संचालन प्रारंभ कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। उन्होंने विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने ग्राम मोहास में स्वामित्व योजना की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने पटवारी अभिजीत आचार्य को निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की रजिस्ट्री की कार्यवाही प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराई जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को उनके भू-अधिकार का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

शुक्रवार को ग्राम कांटी में आयोजित जनसंवाद शिविर कार्यक्रम में कलेक्टर आशीष तिवारी ने 78 ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शिविर में ग्रामीण विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं और मांगों के आवेदन लेकर पहुंचे। किसी ने राजस्व विभाग से संबंधित शिकायत की, तो किसी ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खाद्य, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्री तिवारी ने प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुनी तथा संबंधित अधिकारियों से प्रकरण की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के निराकरण में समय-सीमा और गुणवत्ता दोनों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने शिविर समाप्त होने के बाद भी ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि उनकी कोई अन्य समस्या तो नहीं है। इससे ग्रामीणों में अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर भरोसा और विश्वास का भाव नजर आया।



आरएफआईडी टैग अनिवार्य, नियम नहीं मानने पर होगी सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में खनिज पदार्थों के परिवहन को पूर्णतः पारदर्शी बनाने एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से खनिज विभाग द्वारा एक बड़ा एवं कड़ा कदम उठाया गया है। जिले में खनिज का परिवहन करने वाले सभी वाहनों पर आरएफआईडी टैग लगाना अनिवार्य कर दिया गया है।अभियान के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा मात्र दो दिनों के भीतर 300 से अधिक वाहनों पर आरएफआईडी टैग तैयार कराकर चिपकाए जा चुके हैं।

टैग लगवाना अनिवार्य

खनिज विभाग द्वारा जिले के समस्त खनन पट्टाधारकों, खनिज भंडारणकर्ताओं एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि वे एक सप्ताह की समय-सीमा के भीतर अपने-अपने वाहनों में अनिवार्य रूप से आरएफआईडी टैग लगवा लें। विभाग ने चेतावनी दी है कि दी गई समयावधि के बाद यदि कोई भी वाहन बिना आरएफआईडी टैग के खनिज का परिवहन करते पाया जाता है, तो उसे 'अवैध परिवहन' माना जाएगा तथा संबंधित वाहन एवं वाहन मालिक के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

खनिज अमले द्वारा सुरकी टैंक के पीछे गेट के पास वाहनों का विशेष एवं सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिन वाहनों में आरएफआईडी टैग नहीं पाए गए, उनका मौके पर ही आरएफआईडी टैग तैयार करवाकर गाड़ियों में चिपकाया गया। आज के अभियान में लगभग एक दर्जन वाहनों में मौके पर ही टैग लगवाए गए। खनिज अमले एवं प्रशासन द्वारा समस्त खनिज परिवहनकर्ताओं से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की असुविधा, कार्रवाई एवं जुर्माने से बचने के लिए अति शीघ्र अपने वाहनों में आरएफआईडी टैग लगवाएं।

पर्यावरण शिक्षण के क्षेत्र में कटनी प्रदेश के टॉप-5 जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पर्यावरण शिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर कटनी जिले को प्रदेश के टॉप-5 जिलों में शामिल करते हुए सम्मानित किया गया है। पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को), पर्यावरण विभाग, भोपाल द्वारा पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय एक दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम में कटनी को यह सम्मान प्रदान किया गया। जिले की ओर से इको क्लब के मास्टर ट्रेनर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के श्री देव मरावी ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

एप्को सभागार, भोपाल में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के लगभग 52 जिलों के प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण का उद्देश्य वर्षभर आयोजित की जाने वाली पर्यावरणीय गतिविधियों की जानकारी देना तथा जिलों में पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम प्रभारी कमलेश वर्मा ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। वहीं एप्को के अभिषेक सिंह ने योजना के उद्देश्यों तथा पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार की अपेक्षाओं की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में शासकीय महारानी लक्ष्मी महाविद्यालय, भोपाल के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण तामोट ने पर्यावरणीय मुद्दों और 21वीं सदी की चुनौतियों पर प्रस्तुतिकरण दिया। दूसरे सत्र में एप्को के पर्यावरण शिक्षा अधिकारी श्री दिलीप चक्रवर्ती ने योजना के क्रियान्वयन, ऑनलाइन रिपोर्टिंग और दस्तावेजीकरण की जानकारी देते हुए जिला स्तर पर सतत जीवनशैली कार्यशालाओं के आयोजन पर जोर दिया।

तीसरे सत्र में कमलेश वर्मा ने कागज बनाने की प्रक्रिया, मिट्टी से पशु-पक्षियों एवं अन्य जीव-जंतुओं की आकृतियां तैयार करने तथा पत्तियों से खाद बनाने जैसी गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर वर्ष 2025-26 में पर्यावरण शिक्षण योजना का सफल क्रियान्वयन करने वाले प्रदेश के पांच जिलों सीधी, पन्ना, कटनी, रीवा और अशोकनगर को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही प्रदेश के नौ टाइगर रिजर्व में टाइगर डे का सफल आयोजन कराने वाले जिलों के मास्टर ट्रेनर्स को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कटनी स्टेशन में यात्रियों को किया गया जागरूक



'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत कटनी रेलवे जंक्शन पर एक विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रेल जन संवाद रैली निकाली गई, जिसमें रेल अधिकारियों, कर्मचारियों और सफाई मित्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। स्वच्छता की शपथ और यात्री जागरूकतारैली के माध्यम से स्टेशन परिसर और ट्रेनों में स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रेल परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की शपथ ली इसके साथ ही अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों से सीधे संवाद (जन संवाद) किया। उन्होंने यात्रियों को कचरा डस्टबिन में ही डालने, पॉलीथिन का प्रयोग न करने और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की समझाइश दी। बैकअभियान के तहत यात्रियों से रेलवे की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर फीडबैक भी लिया गया, ताकि यात्रियों के सुझावों के आधार पर स्टेशन और ट्रेनों की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के मामले में कटनी टॉप 10 जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश के 28 जिलों के प्रथम समूह में कटनी टॉप 10 जिलों में शामिल है। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से कटनी ने प्रथम समूह के 28 जिलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राज्य शासन द्वारा बुधवार को प्रदेश के जिलों की सितम्बर माह में सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 84 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिले ने बीते सितम्बर माह में प्राप्त कुल 9 हजार 148 शिकायतों में से 49.16 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर कुल 84 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया है।

कलेक्टर ने जिला प्रशासन के अमले को और भी जोश और जज्बे के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता तथा सुशासन का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का भी अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर उन्हें सहूलियत दी जाए।

सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में कटनी जिले के पुलिस विभाग को चौथा स्थान मिला है। पुलिस विभाग ने सितम्बर माह में 921 शिकायतों में से 51.79 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर ए ग्रेड हासिल किया। जबकि सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में जिला पंचायत को 14वां स्थान मिला है। जिला पंचायत अपने समूह मे 84.22 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड में तथा नगर निगम ने 8वें स्थान पर रहकर सितम्बर माह में प्राप्त 876 शिकायतों का निराकरण कर 52.4 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। इस प्रकार जहां कटनी पुलिस ने कुल 86.84 वेटेज स्कोर हासिल किया है।

पीएम आवास योजना के हितग्राहियों से संवाद, आवास पूर्णता में तेजी लाने के प्रयास

जिपं सीईओ की सख्ती के बाद मैदानी हकीकत का जायजा लेने निकले अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर द्वारा गत दिवस आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का असर अब मैदानी स्तर पर दिखाई देने लगा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन और लंबित आवासों को पूर्ण कराने के उद्देश्य से सेक्टर सुपरवाइजर गांव-गांव पहुंचकर हितग्राहियों से सीधा संवाद कर रहे हैं। मैदानी भ्रमण के दौरान सेक्टर सुपरवाइजर हितग्राहियों के आवासों की स्थिति का जायजा ले रहे हैं तथा आवास निर्माण में आ रही समस्याओं और कठिनाइयों को गंभीरता से सुन रहे हैं। साथ ही, समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है, ताकि हितग्राहियों को समय पर राहत मिल सके और निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण कराया जा सके।

समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुरूप सेक्टर सुपरवाइजर द्वारा हितग्राहियों को आवास निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के लिए समझाइश दी जा रही है। उन्हें योजना के उद्देश्य की जानकारी देते हुए अपने आवास का निर्माण निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सेक्टर सुपरवाइजर हितग्राहियों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान की दिशा में आवश्यक पहल करने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

जिला पंचायत सीईओ द्वारा समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के बाद मैदानी अमले की सक्रियता से यह स्पष्ट है कि योजना की प्रगति को लेकर प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। बैठक में हुई समीक्षा को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखते हुए निर्देशों को धरातल पर क्रियान्वित करने और हितग्राहियों को सीधे लाभ पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत प्रत्येक पात्र हितग्राही को पक्का आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवास पूर्णता में तेजी लाना, हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण करना और मैदानी स्तर पर सतत निगरानी बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। गांव-गांव पहुंचकर किया जा रहा यह संवाद योजना के क्रियान्वयन को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

आयोजन की तैयारी को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

कृषि उपज मंडी में बलराम कृषि महोत्सव कार्यक्रम 28 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषि उपज मंडी में बुधवार, 28 अक्टूबर को बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सुव्यवस्थित एवं गरिमामय आयोजन के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों और शासकीय सेवकों को दायित्व सौंपे हैं। साथ ही सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जारी आदेश के अनुसार जिपं सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी तथा उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्रीमती प्रतिभा गौर को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

कार्यक्रम में किसानों एवं हितग्राहियों को गांवों से आयोजन स्थल तक सुरक्षित लाने और वापस पहुंचाने तथा उनके भोजन पैकेट की व्यवस्था का दायित्व अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुराग मोदी एवं सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सौंपा गया है। निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, टैंकर, चलित शौचालय और अग्निशमन की व्यवस्था करेंगी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतिथियों की सुरक्षा, पार्किंग और यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम कटनी जितेन्द्र कुमार पटेल मंच पर विशिष्ट अतिथियों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

तहसीलदार कटनी अजीत कुमार तिवारी को मंचीय कार्यों के साथ सर्किट हाउस एवं रेस्ट हाउस में अतिथियों के सत्कार और कमरों की व्यवस्था का दायित्व दिया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बसों की व्यवस्था और वाहनों की फिटनेस सुनिश्चित करेंगे।

सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा एवं सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर कार्यक्रम एवं पार्किंग स्थल पर स्वास्थ्य शिविर, विशिष्ट अतिथियों के लिए चिकित्सा व्यवस्था और कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस की व्यवस्था करेंगे। कृषि मंडी सचिव मनीष मण्डलोई मंडी परिसर की साफ-सफाई, मंच पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों के लिए स्वल्पाहार, भोजन, शुद्ध पेयजल तथा फूल-माला और गुलदस्तों की व्यवस्था करेंगे। ऊर्जा विभाग के मुख्य कार्यपालन यंत्री निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण करने तथा आयोजन स्थल पर लीज लाइन एवं इंटरनेट की व्यवस्था के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रफुल श्रीवास्तव, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस सौरभ नामदेव और मंडल अभियंता बीएसएनएल डी.के. मठधारी को दायित्व सौंपा गया है।

जिला लोकसेवा प्रबंधक विभाग के दिनेश विश्वकर्मा को कार्यक्रम के लिए स्थापित डीसीसी कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है। वे परिवहन में लगी बसों के आगमन और प्रस्थान की रिपोर्ट भी संकलित करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी कृषक परिवारों के 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण की व्यवस्था करेंगे। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक कार्यक्रम में तकनीकी जानकारी देने के लिए चार वैज्ञानिक उपलब्ध कराने के साथ केंद्र के स्टॉल का प्रदर्शन करेंगे।

कृषि तकनीक और प्राकृतिक उत्पादों की लगेगी प्रदर्शनी

महोत्सव में कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिकों और अन्य नामांकित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियांत्रिकी विभाग द्वारा हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, हार्वेस्टर सहित आधुनिक कृषि उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा। मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह द्वारा मिलेट उत्पादों की ब्रांडिंग, जैव उत्पाद इकाई (वीआरसी) तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा तैयार प्राकृतिक उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले आरोपित को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कार्य में बाधा डालने, हंगामा करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ कुठला थाना पुलिस ने सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, घटना 22 अक्टूबर की है। तहसील कटनी नगर के अंतर्गत ग्राम खड़ौला (पटवारी हल्का नंबर 07) में हल्का पटवारी द्वारा स्वामित्व पंजीयन का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान गांव का ही निवासी सोनू सिंह (34 वर्ष), पिता विशंभर सिंह ठाकुर, शासकीय कार्य को लेकर बेवजह विवाद करने लगा। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उसे समझाने-बुझाने की काफी कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना और हंगामा बढ़ाता रहा।

विवाद बढ़ता देख घटना की सूचना तत्काल कुठला थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि आरोपी कथित तौर पर शराब के नशे में था और अत्यधिक विवाद कर रहा था। पुलिस कर्मियों द्वारा समझाइश देने के बावजूद वह आम सड़क पर उत्तेजित होकर मारपीट करने पर आमादा हो गया।शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी गंभीर संज्ञेय अपराध की आशंका को देखते हुए पुलिस ने आरोपी को तुरंत अभिरक्षा में ले लिया।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया। इसके पश्चात आरोपी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कटनी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया गया।

खबर संक्षेप

जुआ खेल रहे 12 जुआरी गिरफ्तार, 35 हजार रुपये और दो बाईक बरामद

छतरपुर। जिले के थाना महाराजपुर पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड के पीछे एक जुए के फड़ पर छापा मारा। पुलिस ने मौके से ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे 12 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 35,700 रुपये की नकद राशि और दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई है। गुप्त सूचना के आधार पर हुई इस कार्रवाई के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम को रात्रि गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि कस्बे के बस स्टैंड के पीछे पीपल के पेड़ के पास कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस बल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और वहां जुआ खेल रहे 12 आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान ऋषभ, दिलीप चौरसिया, अरविन्द उर्फ पप्पू, पंकज, शिवम उर्फ शुभम उर्फ बम्बईया, नीलेश पाठक (निवासी नैगुवाँ), मनोज, भूपेन्द्र उर्फ शिवम, अमन, धर्मेन्द्र, सुमित लल्ला उर्फ विजय सिंह और राहुल के रूप में हुई है, जो अधिकांशतः महाराजपुर के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की विधिवत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस पूरी कार्रवाई को एसडीओपी खजुराहो मनमोहन सिंह बघेल के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक अजय अंबे के नेतृत्व में अंजाम दिया गया, जिसमें प्रधान आरक्षक प्रदीप निगम, आरक्षक जयकुमार, ओमप्रकाश और अवधेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बच्चों व शिक्षकों को निकलने रास्ता हुआ बंद

सड़क कंपनी के नाली निर्माण में मनमानी से स्कूल बना तलघरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

हटा से गैसाबाद सिमरिया बनाई जा रही सड़क मार्ग के किनारे से नाली निर्माण कार्य में ग्राम विनती में शासकीय स्कूल के पास इस्कॉन इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। कंपनी द्वारा किए जा रहे नाली और रोड निर्माण कार्य ने यहाँ के शासकीय प्राथमिक शाला विनती के स्कूली छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की मुश्किलें बेहद बढ़ा दी हैं। कंपनी के ठेकेदारों की मनमानी और घटिया निर्माण के कारण स्कूल परिसर अब एक खतरनाक 'तलघर' में तब्दील हो चुका है, जिससे हर दिन कोई न कोई अप्रिय घटना घटने का अंदेशा बना रहता है।

घटिया निर्माण की खुली पोल, स्कूल बना तलघर

शासकीय प्राथमिक शाला विनती की प्रधान अध्यापक ब्रजकुमारी बड़गैया ने बताया कि कंपनी द्वारा नाली का निर्माण बेहद घटिया स्तर का किया गया है। नाली का लेवल सही न होने के कारण ऊंची नीची बना दी गई है। इस बेतरतीब निर्माण की वजह से स्कूल का रास्ता पूरी तरह प्रभावित हो गया है और स्कूल का मुख्य हिस्सा जमीन के स्तर से नीचे तलघर जैसा हो गया है। स्कूल में आने-जाने के लिए कोई सुरक्षित रास्ता नहीं बचा है जिससे स्कूल के बच्चे स्कूल आते-जाते समय नाली और असमतल रास्ते के कारण गिरकर घायल हो चुके हैं। सिर्फ बच्चे ही नहीं, बल्कि कई बार स्कूल के शिक्षिका भी यहाँ गिर चुकी हैं। ठेकेदारों की इस लापरवाही के कारण कभी भी कोई बड़ी और अप्रिय घटना घटित हो सकती है। स्कूल प्रबंधन का आरोप है कि इस समस्या को लेकर वे कई बार रोड निर्माण कंपनी के ठेकेदारों को लिखित और मौखिक आवेदन दे चुके हैं। उनसे लगातार मांग की जा रही है कि स्कूल के पास एक सुरक्षित रैंप बनवाया जाए और नाली को ठीक किया जाए। इसके बावजूद, इस्कॉन इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के जिम्मेदार कर्मचारी और ठेकेदार अपनी मनमानी पर अड़े हुए हैं और इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

एक हफ्ते का अल्टीमेटमः

ठेकेदार की इस तानाशाही और घटिया निर्माण के खिलाफ अब स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। स्कूल के शिक्षकों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि एक हफ्ते के अंदर स्कूल के सामने सुरक्षित रैंप का निर्माण नहीं किया गया, तो वे स्कूल के सभी बच्चों को उनके अभिभावकों को साथ लेकर दमोह कलेक्टर के पास जाएंगे और सड़क कंपनी की मनमानी, उनके कर्मचारियों के अड़ियल रवैये और किए गए घटिया निर्माण की शिकायत करेंगे।

मालवाहकों में सवारी और शराब पीकर वाहन चलाने पर जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए दमोह यातायात पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले छह वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की। चार पिकअप में अवैध रूप से सवारियां बैठाने और दो ट्रक चालकों के शराब पीकर वाहन चलाने के मामलों में न्यायालय ने कुल 92 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक दलबीर सिंह मार्को एवं निरीक्षक आकांक्षा जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर और प्रमुख मार्गों पर चेकिंग की। इस दौरान चार पिकअप और दो ट्रकों को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जब्त कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

इन वाहनों पर लगा जुर्माना

मालवाहक वाहनों में सवारी परिवहन करने पर पिकअप क्रमांक MP 40 ZD 3552 पर 17 हजार, MP 15 ZK 8934 और MP 20 XB 3469 पर 15-15 हजार तथा MP 20 XB 5313 पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इन चारों वाहनों पर कुल 57 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। वहीं, शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में ट्रक क्रमांक MP 09 AT 5848 पर 20 हजार और DL 01 MA 8670 पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। दोनों ट्रकों पर कुल 35 हजार रुपये का अर्थदंड हुआ।

नियमों का पालन करने की अपील

यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को ने वाहन चालकों और स्वामियों से अपील की है कि पिकअप, ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित किसी भी मालवाहक वाहन में सवारियां न बैठाएं और शराब या अन्य मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे कृत्य चालक के साथ सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की जान भी जोखिम में डालते हैं।

हिण्डोरिया में भव्य सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

जय मां जगदंबा दुर्गा उत्सव समिति व्यापारी संघ बजरिया के तत्वाधान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जो देर रात्रि तक चलता रहा।इस कार्यक्रम में मुख्य बाजार क्षेत्र के अखाड़े के उस्तादों एवं वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर परिषद अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह ने कहा कि अखाड़े हमारी प्राचीन संस्कृति और परंपरा के गौरवशाली प्रतीक हैं। उन्होंने इस आयोजन के लिए समिति की सराहना करते हुए आगे कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में समरसता और भाईचारा बढ़ता है ।साथ युवाओं से अपनी समृद्धि संस्कृति, विरासत और परंपराओं से जुड़े रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह, कन्छेदी अग्रवाल, आसाराम यादव, परमानंद चौरसिया, मालती सोनी, गोपाल सोनी, राकेश वर्मा, मनोहर अग्रवाल, चतुर्भुज चौरसिया, राजकुमार अग्रवाल, प्रदीप पोद्दार,लल्लू चौरसिया,भरत चौरसिया, प्रकाश नेमा सहित लगभग 50 वरिष्ठ जनों का श्रीफल चुनरी अर्पित कर भावभीना सम्मान किया गया। समारोह का सफल संचालन शैलेंद्र अग्रवाल द्वारा किया गया ।आभार प्रदर्शन जगदीश अग्रवाल ने व्यक्त किया ।उक्त अवसर पर समिति के सभी सदस्य और भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

बंदियों को कराया ध्यान प्रयोग



दमोह। जिला जेल दमोह, मध्यप्रदेश में मुंबई से पधारीं ओशो संन्यासी, टैरो कार्ड रीडर माँ आरती राजदान द्वारा बंदियों के लिए विशेष ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान माँ आरती राजदान ने बंदियों को तनाव मुक्ति, आत्म-जागरूकता एवं सकारात्मक ऊर्जा के लिए ओशो ध्यान के विभिन्न प्रयोग कराए। ध्यान के माध्यम से बंदियों को अपने भीतर शांति और जीवन में नए दृष्टिकोण को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक एम.एल. पटैल, जिला अभियोजन अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह तारन, स्वामी चंद्रशेखर राय, स्वामी अनंत देव आकाश, पत्रकार संजय मौर्य, राष्ट्रीय चित्रकार काजल जी सहित जेल स्टाफ एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जेल प्रशासन द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

नरसिंहगढ़ में जन विश्वास शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

नरसिंहगढ़ में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत भव्य जन विश्वास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। प्रदेश के आनंद विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल नरसिंहगढ़ में आयोजित ₹मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर₹ में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने शिविर का अवलोकन किया और आमजनों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर आयोजित यह जन विश्वास शिविर अत्यंत सफल सिद्ध हो रहा है। प्रदेश के प्रत्येक जिले में हर शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे आम जनता को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होने स्वामित्व योजना के लाभार्थियो को बधाई दी।



श्री पटेल ने कहा शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं व आवेदनों को दर्ज किया जा रहा है। प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया जा रहा है। जो आवेदन स्थानीय स्तर पर हल नहीं हो पाते, उन्हें राज्य स्तर (भोपाल) तक भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा सभी आवेदनों की प्रक्रिया ऑनलाइन दर्ज की जा रही है, जिससे आवेदक अपने आवेदन की स्थिति (Status) आसानी से जान सकें और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह एक बहुत अच्छा और व्यापक अभियान है, जिसका नाम 'जन विश्वास' अर्थात जनता का विश्वास और भरोसा है। इस शिविर के माध्यम से सरकार आम जनमानस को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए तत्पर है। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा शिविर में नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न प्रकार के स्टॉल स्थापित किए गए थे। शिविर के दौरान आधार कार्ड अपडेशन, समग्र आईडी निर्माण और ई-केवाईसी अपडेशन का कार्य किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। किसानों के लिए फार्मर आईडी बनाने सहित शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन व लाभ सुनिश्चित किए गए।

कलेक्टर ने जनता से लिया गया फीडबैक

शिविर में उपस्थित नागरिकों से शासन की योजनाओं के संचालन को लेकर सीधा फीडबैक लिया गया। अधिकांश नागरिकों ने बताया कि उन्हें शासन की योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। कलेक्टर श्री यादव ने मैदानी अमले को निर्देश देते हुए कहा कि जनता से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निराकरण किया जाए। किसानों को कृषि कार्य के लिए निर्धारित 10 घंटे बिजली समय पर उपलब्ध कराई जाए। गलत बिजली बिलों की शिकायतों को एक सप्ताह के भीतर सुधार कर दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। जल संसाधन विभाग द्वारा बनाए गए बांधों के फाटकों (गेट्स) को समय पर बंद न किए जाने की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए 7 दिन के भीतर सभी फाटकों को ठीक कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके और भू-जल स्तर रिचार्ज हो सके।

स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री का वितरण हितग्राहियो को किया गया। इस अवसर राज्यमंत्री श्री पटेल नें शिविर में स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्रीयो का वितरण किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि, जनपद अध्यक्ष खिलान सिंह, खरगराम पटेल, गोपाल पटेल, दिनेश पटेल, माया पटेल, संगीता श्रीधर, लता मोदी, रघुवीर सिंह, राजेन्द्र बिदौल्या, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम निकेत चौरसिया, सीईओ जनपद ए.के सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, सम्माननीय मीडियाजन एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्कूल से लौट रहे 9 वर्षीय बच्चे को बंदर ने काटा

तेंदूखेड़ा। नगर में बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं गुरुवार शाम वार्ड 2 में स्कूल से घर लौट रहे 9 वर्षीय बच्चे पर बंदर ने हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 2 निवासी पार्वती केवट ने थाने में सूचना दी कि उनका 9 वर्षीय बेटा दीपेंद्र केवट सरस्वती स्कूल में पढ़ता है। गुरुवार शाम करीब 4 बजे तारादेही रोड पर स्कूल से घर लौटते समय एक बंदर ने उसके बाएं हाथ में काट लिया, जिससे खून निकलने लगा। स्कूल शिक्षिका ने फोन पर परिजनों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद मां बच्चे को अस्पताल लेकर पहुंची स्थानीय लोगों के अनुसार वार्ड क्रमांक 11 और 12 में पिछले दो साल से बंदरों के झुंड ने आतंक मचा रखा है लोगों एवं खासकर बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है एक बार बंदरों को पकड़ने के लिए मथुरा से टीम भी बुलाई गई थी, लेकिन वह भी पकड़ने में नाकाम रही। रहवासियों ने विभाग से प्रभावी अभियान चलाकर स्थायी समाधान की मांग की है।

लावारिस वृद्ध महिला को मिला निर्वाना फाउण्डेशन का सहारा, देरी तिराहे पर कचरा बीनकर कर रही थी जीवन यापन

छतरपुर। देरी तिराहा के पास पिछले कई दिनों से लावारिस हालत में घूम रही एक वृद्ध महिला को आखिरकार निर्वाना फाउण्डेशन का सहारा मिल गया है। संस्था द्वारा महिला को फाउण्डेशन में आश्रय देकर एक नया जीवन प्रदान किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए निर्वाना फाउण्डेशन के संजय सिंह ने बताया कि देरी तिगड्डा के पास एक वृद्ध महिला के बीते 5 दिनों से लावारिस घूमने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद फाउण्डेशन की टीम ने मौके पर पहुंचकर महिला को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन वह वहां नहीं मिली। शुक्रवार को फाउण्डेशन की टीम जब दोबारा पहुंची तो वृद्ध महिला वहीं मिल गई।संजय सिंह ने बताया कि महिला कचरा बीनकर उसी पर सो जाया करती थी और आसपास से मिला बचा-खुचा खाना खाकर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रही थी।

नशामुक्त भारत से विकसित भारत का संकल्प, सांसद ने युवाओं से किया संवाद



दमोह। मेरा युवा भारत (माय भारत), दमोह एवं एकलव्य विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने के साथ नशामुक्त भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त भारत की थीम पर संवाद करते हुए नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक रहने और समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। सांसद ने कहा कि युवा स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज के लोगों को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करें। स्वस्थ और सशक्त युवा ही विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जिला युवा अधिकारी अनुज प्रताप सिंह तोमर, विश्वविद्यालय के कुलगुरु पवन जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा, यूथ आइकन तनिष्का सुलाखे एवं कृष्णा पटेल, भरत यादव, मेरा युवा भारत के लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक तेज खान तथा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) कार्यक्रम प्रभारी संदीप जैन की उपस्थिति रही। इस दौरान विश्वविद्यालय के युवा एवं मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक भी शामिल हुए। संवाद के दौरान अतिथियों ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, सामाजिक उत्तरदायित्व और सकारात्मक सहभागिता के महत्व पर विचार व्यक्त किए। युवाओं को विकसित भारत के संकल्प से जुड़कर सामाजिक परिवर्तन का वाहक बनने के लिए प्रेरित किया गया। मेरा युवा भारत, दमोह एवं एकलव्य विश्वविद्यालय की इस संयुक्त पहल ने युवाओं को नशामुक्त समाज के निर्माण और विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संकल्पित होने का संदेश दिया।

प्रस्फुटन समितियों का क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण संपन्न



तेंदूखेड़ा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद तेंदूखेड़ा के नेतृत्व में सूर्या सेवा समिति द्वारा सेक्टर सहजपुर के ग्राम झरोली में प्रस्फुटन समितियों का क्षमता संवर्धन एवं प्रस्फुटन शक्ति संचय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम उपसरपंच किशन केवट, विकासखंड समन्वयक दीपचंद मालवीय, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुरेंद्र राजपूत एवं नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि प्रीतम सिंह केवट सहित उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया। प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड समन्वयक दीपचंद मालवीय ने ग्रामीण विकास, विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा प्रस्फुटन समितियों के कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समितियों के कार्यों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने, गतिविधियों का प्रतिवेदन तैयार करने, लेखा-जोखा रखने, दस्तावेजीकरण करने तथा प्रस्फुटन ऐप पर गतिविधियों को अपलोड करने की प्रक्रिया बताई। साथ ही विभिन्न गतिविधियों को अभियान के रूप में संचालित कर ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। कृषि विभाग की ओर से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुरेंद्र राजपूत एवं सुश्री प्रियवदा द्विवेदी ने जैविक कृषि, फसल चक्र, बेहतर उत्पादन एवं कृषि से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी दी। वहीं परामर्शदाता द्वारा सीएमसीएलडीपी, एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू पाठ्यक्रमों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में झरोली, नरगुवा, सरवाकुही, दोनी एवं सेलवाड़ा (बंधना) सहित विभिन्न ग्रामों की प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान समितियों के सदस्यों को ग्राम विकास एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में भगवान सिंह, दशरथ सिंह, रोशन ठाकुर, सुरेंद्र यादव, अंकित केवट, सचिन केवट, मुकेश केवट, अशोक केवट, संगीता, सीमा, प्रिया केवट, नेहा केवट, गायत्री, खुशबू एवं गीता सहित अन्य जन उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर उपस्थित सभी जनों का आभार प्रीतम सिंह केवट ने व्यक्त किया।

हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए निर्माण कार्य में तेजी लाएं- कलेक्टर

दमोह। दमोह और छतरपुर जिले के 351 गांवों में हर घर तक पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित लगभग 350 करोड़ रुपये की मल्टी विलेज जल प्रदाय योजना वेबस सुनार-2 की धीमी प्रगति पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए परियोजना को समय-सीमा में पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को शासन की मंशा के अनुरूप योजना का लाभ मिल सके। जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत इस महत्वाकांक्षी परियोजना का कार्य वर्ष 2023 में प्रारंभ हुआ था और इसे वर्ष 2025 तक पूरा किया जाना निर्धारित था। हालांकि, वर्ष 2026 में भी योजना का कार्य लगभग 60 से 65 प्रतिशत ही पूरा हो पाया है। कई स्थानों पर पानी की टंकियों से जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है, जबकि फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य भी अभी शेष है। इस स्थिति को देखते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने और कार्यरत टीमों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। कलेक्टर श्री यादव ने निर्देशित किया कि केवल एक टीम के माध्यम से कार्य कराने के बजाय निर्माण कार्य को अलग-अलग टीमों के जरिए समानांतर रूप से कराया जाए। इसके लिए प्रत्येक 10 टंकियों पर अलग-अलग सुपरवाइजर और निर्माण एजेंसियों को तैनात कर कार्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। इससे लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने और गांवों में पेयजल आपूर्ति प्रारंभ करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा जल निगम के एमडी तथा पीएचई के अधिकारियों से भी अनुरोध किया जाएगा कि वे संबंधित निर्माण एजेंसी को कड़े निर्देश दें। आवश्यकता पड़ने पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि आम नागरिकों को निर्धारित समय पर पानी उपलब्ध हो सके। श्री यादव ने कहा कार्य में देरी करने वाली एजेंसियों पर पेनल्टी लगाई जा रही है। यदि इसके बावजूद कार्य में तेजी नहीं लाई गई और देरी जारी रही, तो संबंधित एजेंसियों पर अधिकतम पेनल्टी आरोपित करने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि परियोजना के शेष निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कर दमोह और छतरपुर जिले के 351 गांवों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीण परिवारों को जल जीवन मिशन का वास्तविक लाभ मिल सके।

शरद पूर्णिमा पर मनाया जाएगा श्री अजमीढ़ देव जी का जन्मोत्सव

तेन्दूखेड़ा। सर्व स्वर्णकार समाज सेवा समिति तेन्दूखेड़ा द्वारा समाज के आराध्य एवं आदि महापुरुष श्री अजमीढ़ देव जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। समिति द्वारा यह आयोजन 25 अक्टूबर 2026, शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर किया जाएगा। जन्मोत्सव को लेकर स्वर्णकार समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। आयोजन के दौरान श्री अजमीढ़ देव जी का पूजन-अर्चन कर समाज की सुख-समृद्धि एवं उन्नति की कामना की जाएगी। समिति के पदाधिकारियों ने समाज के सभी सदस्यों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर जन्मोत्सव को सफल बनाने की अपील की है। आनंद कुमार सर्राफ ने बताया कि श्री अजमीढ़ देव जी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके जीवन एवं आदर्शों से समाज को एकता, परिश्रम, सेवा और सद्भाव की प्रेरणा मिलती है। जन्मोत्सव के अवसर पर समाज के लोगों द्वारा एकजुट होकर सामाजिक एकता का संदेश भी दिया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और समाजजनों में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

खबर संक्षेप

दमोह में आज से आगाज होगा ओशो फेस्टिवल का

दमोह। 24 अक्टूबर दोपहर 2:00 बजे से ओशो फेस्टिवल ध्यान शिविर 2026 सीजन 4 का उद्घाटन समारोह आयोजित रॉयल दमयंती पैलेस होटल में किया जाएगा। जिसमें देशभर के सन्यासियों दमोह के कॉलेजो के छात्र छात्रों समस्त जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य पदाधिकारी शहर के ओशो प्रेमी और गणमान्य नागरिक नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम को प्रारंभ किया जाए। कार्यक्रम के फेसिलेटर सागर स्वामी रुड़की से मां आरती राजदान मुंबई से स्वामी बोधी हिमाचल से स्वामी अक्षय विवेक वेस्ट बंगाल से मां अग्नि साक्षी पुणे से पधार चुकी हैं जो आज दोपहर 2 बजे दमोह शहर के पत्रकार साथियों के साथ प्रेस वार्ता के द्वारा संपूर्ण आयोजन संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे।

डीएलएड के छात्राध्यापक बने अक्षर साथी

दमोह। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशों के परिपालन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा के प्राचार्य एस.के नेमा एवं आर.पी विश्वकर्मा के निर्देशन में अध्ययन करने वाले सभी छात्राध्यापक अक्षर साथी के रूप में सर्वे में चिन्हांकित हुए। असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए अपने-अपने गांव में साक्षरता केंद्र संचालित कर रहे हैं। डाइट के साक्षरता कार्यक्रम प्रभारी माता पटेल ने बताया कि छात्राध्यापकों ने जिन लोगों को साक्षर करने के लिए कार्य किया है, उन लोगों को 24 अक्टूबर को आयोजित हो रही परीक्षा में भी सम्मिलित करने का लक्ष्य दिया गया। सभी छात्राध्यापक अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर संबंधित नवसाक्षरों को सम्मिलित करवाएंगे।

दमोह आरसेटी में स्वरोजगार के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण

दमोह। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), दमोह में ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ने एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्थान द्वारा अक्टूबर एवं नवंबर 2026 में छह प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित किए गए हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत जूट प्रोडक्ट मेकिंग (14 दिवस), सॉफ्ट टॉयज मेकिंग (14 दिवस), आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग (14 दिवस), कैंडल मेकिंग (12 दिवस), पेपर कवर लिफाफा एवं फाइल मेकिंग (12 दिवस) तथा फास्ट फूड उद्यमी (12 दिवस) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से इच्छुक अभ्यर्थी विभिन्न व्यवसायों से संबंधित कौशल सीखकर स्वरोजगार स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

शराब पीने से मौत का आरोप, अवैध शराब बिक्री पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग, प्रशासन ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

युवक की मौत के बाद हंगामा, दमोह छतरपुर हाईवे पर शव रखकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह





जिले में अवैध शराब की बिक्री को लेकर एक बार फिर आक्रोश सामने आया है। पथरिया विधानसभा क्षेत्र के नरसिंहगढ़ में 35 वर्षीय युवक की मौत के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने दमोह-छतरपुर हाईवे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारी अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और उनके मकानों पर बुलडोजर चलाने की मांग कर रहे थे। प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद करीब 15 मिनट में जाम समाप्त कराया गया। जानकारी के अनुसार, नरसिंहगढ़ के बाजार मोहल्ला निवासी अभिषेक रैकवार की शुक्रवार सुबह मौत हो गई। मृतक के पिता रतिराम उर्फ गोलू रैकवार के मुताबिक, उनका बेटा पिछले दो दिनों से लगातार शराब का सेवन कर रहा था। सूचना मिलने पर नरसिंहगढ़ चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिजनों ने हाईवे पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों का कहना था कि उनके बेटे की मौत के बाद अब क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री बंद होनी चाहिए। बाजार मोहल्ले में कथित रूप से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और उनके मकानों पर बुलडोजर चलाया जाए।

अधिकारियों ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

चक्काजाम की सूचना पर पथरिया एसडीएम निकेत चौरसिया, दमोह सीएसपी एचआर पांडे, नायब तहसीलदार बंदेश पांडे और देहात थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया। वहीं, नरसिंहगढ़ सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र बिजोलिया ने भी महिलाओं और मृतक के परिजनों को सीमांकन के बाद दो दिन के भीतर कार्रवाई तथा अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने का आश्वासन दिया।

जनविश्वास शिविर के दौरान हुआ प्रदर्शन

नरसिंहगढ़ में शुक्रवार को जिला प्रशासन का जनविश्वास शिविर आयोजित किया गया था। इसमें आनंद विभाग के मंत्री लखन पटेल, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी प्रस्तावित थी। इसी दौरान चक्काजाम होने से प्रशासन में हलचल मच गई और अधिकारियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया।

पथरिया क्षेत्र में पिकअप से 200 पेटी शराब पकड़े जाने की भी चर्चा इसी बीच पथरिया विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को एक भाजपा नेत्री के खेत में पहुंची पिकअप से कथित तौर पर 200 पेटी अवैध शराब पकड़े जाने की जानकारी भी सामने आई।

जिले में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन को लेकर उठ रहे सवालों के बीच नरसिंहगढ़ की घटना ने आबकारी एवं पुलिस विभाग की कार्रवाई पर फिर ध्यान खींचा है। हालांकि, पिकअप से शराब जब्ती के मामले में आधिकारिक पुष्टि और विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।

शराब पीने से तीन लोगों की हालत बिगड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

शराब पीने से तीन लोंगो की अचानक तबियत गई। जिन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जहाँ उनकी गंभीर हालत देखते हुये जिला चिकित्सालय दमोह भारत भेजना पडा। घटना जानकारी मिलने पर हिण्डोरिया क्षेत्र के मधप्रेमियों मे हड़कंप मच गया। अस्पताल मं बड़ी संख्या लोग पहुँच गये। इस सम्बन्ध में डियूटी पर तैनात डा. राजश्री मांझी ने बताया कि केन्द्र मे लक्ष्मी नारायण उम्र 20, राजेन्द्र सिंह 24, घनश्याम लोधी 24 साकिन बेलखेडी. थाना पटेरा अत्याधिक शराब के सेवन पश्चात पेट दर्द, चक्कर आने, उल्टी होने एवं सांस लेने की शिकायत करते हुये लाये गये थे। केन्द्र मे उनका उपचार भर्ती करके तत्काल शुरू किया गया था। उनकी हालत गंभीर हो होने के चलते उन्हें जिला चिकित्सालय दमोह रिफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर ने बताया कि इन्होंने ने सतरिया एवं हिण्डोरिया कलारी से देशी शराब खरीद कर अत्याधिक सेवन कर लिया था। जिसके कारण उन्हें उल्टी, पेट दर्द, चक्कर एवं सांस लेने जैसी समस्या पैदा हो गई थी। उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवा की दृष्टि से जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। पुलिस व्दारा सम्पूर्ण मामले की अपने स्तर से विवेचना की जा रही है।

पुलिस लाइन दमोह में जनरल परेड का आयोजन

एसपी ने परखा जवानों का अनुशासन, बलवा ड्रिल का हुआ अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह





स्थानीय पुलिस लाइन दमोह में आज दिनांक 23 अक्टूबर को एक भव्य जनरल परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्री आनंद कलादगि ने परेड की सलामी ली और पुलिस बल की कार्यकुशलता, अनुशासन तथा साज-सज्जा का बारीकी से निरीक्षण किया।

जवानों के टर्नआउट का सूक्ष्म निरीक्षण सलामी के उपरांत पुलिस अधीक्षक महोदय ने परेड में उपस्थित सभी जवानों के टर्नआउट (वेशभूषा एवं साज-सज्जा) का सूक्ष्म निरीक्षण किया। इस दौरान उत्कृष्ट टर्नआउट और उच्च कोटि का अनुशासन प्रदर्शित करने वाले जवानों को एसपी श्री कलादगि द्वारा मौके पर ही पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

शस्त्र और बलवा ड्रिल का कड़ा अभ्यास निरीक्षण के बाद परेड ग्राउंड में जवानों को टोलीवार ड्रिल कराई गई। इसमें सभी टोलियों के आपसी समन्वय, चाल-ढाल और मार्च पास्ट की सटीकता का परीक्षण किया गया। जवानों को शस्त्र ड्रिल का विशेष अभ्यास कराया गया तथा उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को इससे जुड़ी तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया गया। किसी भी प्रकार की आपातकालीन या कानून-व्यवस्था की स्थिति से त्वरित गति से निपटने के लिए विशेष रूप से बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। इस दौरान जवानों को बॉडीगार्ड, जाली, हेलमेट आदि सुरक्षा उपकरणों को कम से कम समय में धारण करने की व्यावहारिक सीख दी गई।

परेड की समाप्ति के पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय ने दरबार की तर्ज पर उपस्थित जवानों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को बेहद ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने सभी समस्याओं के शीघ्रातिशीघ्र और संतोषजनक निराकरण का आश्वासन दिया, जिससे पुलिस बल का मनोबल और अधिक बढ़ा है।

खेत में खड़ी पिकअप से 200 पेटी अवैध शराब जब्त, आरोपी फरार



भगवती मानव कल्याण संगठन की सूचना पर पुलिस की कार्रवाई, लाखों रुपये की शराब होने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

क्षेत्र में अवैध शराब की बरामदगी को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों की सूचना पर शुक्रवार दोपहर रजवास तिराहे के पास एक खेत में खड़ी पिकअप से करीब 200 पेटी अवैध शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। कार्रवाई के दौरान मौके पर कोई आरोपी नहीं मिला।

जानकारी के अनुसार, संगठन के सदस्यों को रजवास तिराहे के पास एक खेत में शराब से भरी पिकअप खड़ी होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सदस्यों ने थाना प्रभारी को जानकारी दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर वाहन की तलाशी ली और शराब जब्त कर जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि जिस खेत में पिकअप खड़ी थी, वह किसी भाजपा नेता का है। हालांकि, खेत के मालिक की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

संगठन की सूचना पर पहले भी मिली थी शराब

पथरिया क्षेत्र में भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों द्वारा अवैध शराब पकड़े जाने का यह पहला मामला नहीं है। कुछ माह पहले नगर में रेलवे स्टेशन पुलिया के पास भी संगठन की सूचना पर 39 पेटी अवैध शराब बरामद हुई थी। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों के बाद सवाल उठ रहा है कि अवैध शराब की जानकारी संगठन के सदस्यों तक पहुंच जाती है, लेकिन पुलिस को इसकी भनक पहले क्यों नहीं लगती?

आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी ने बताया कि मामले में कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं, जिनके संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही शराब के स्रोत, पिकअप के स्वामित्व और इस कारोबार में शामिल लोगों की भूमिका स्पष्ट हो सकेगी।

पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

क्षेत्र में अवैध शराब की लगातार बरामदगी के बीच पुलिस की निगरानी और कार्रवाई को लेकर भी चर्चाएं हैं। स्थानीय स्तर पर यह सवाल उठ रहा है कि अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने के लिए नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। हालांकि, किसी व्यक्ति या अधिकारी की कथित संलिप्तता के संबंध में अभी कोई आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है।

कलेक्टर ने किया नरसिंहगढ़ सीमेंट फैक्ट्री का किया निरीक्षण

नरसिंहगढ़ सीमेंट फैक्ट्री में श्रमिकों के हितों और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता- कलेक्टर



दमोह। किसी भी फैक्ट्री या उद्योग की असली ताकत उसकी मशीनें नहीं, बल्कि उन मशीनों को चलाने वाले श्रमिक भाई होते हैं। उद्योग का विकास तभी सार्थक है, जब उसके साथ वहां कार्य करने वाले श्रमिकों का भी विकास हो, उन्हें सम्मान मिले, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो और उनके अधिकारों का पूरा लाभ मिले। यह विचार कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने नरसिंहगढ़ माइसेम सीमेंट फैक्ट्री के निरीक्षण के दौरान व्यक्त किए। कलेक्टर श्री यादव ने कहा पिछली बार फैक्ट्री के भ्रमण के दौरान श्रमिकों की कुछ समस्याएं सामने आई थीं। उन समस्याओं के समाधान, श्रमिकों के कल्याण और बेहतर कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए फैक्ट्री प्रबंधन को आवश्यक निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा हाल ही में श्रमिकों से मुलाकात के दौरान उनके चेहरों पर मुस्कान और संतोष देखकर प्रसन्नता हुई। इससे स्पष्ट हुआ कि प्रबंधन द्वारा निर्देशों का पालन किया गया है और श्रमिकों को उसका लाभ मिलने लगा है। वेतन में वृद्धि से श्रमिकों को प्रतिमाह आर्थिक लाभ

कलेक्टर ने कहा कि माइंस और क्रशर में कार्य करने वाले श्रमिकों के वेतन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। पहले जहां हाई स्किल्ड श्रमिकों को लगभग 20 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलता था, वहीं केंद्र सरकार की दरें लागू होने के बाद यह राशि बढ़कर 31 हजार रुपये से अधिक हो गई है। इससे संबंधित श्रमिकों को प्रतिमाह 11 हजार रुपये से अधिक का अतिरिक्त लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि श्रमिकों के वेतन में औसतन 36 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा श्रमिकों के पुराने एरियर्स का भी निर्धारण कराया गया है। 50 लाख रुपये से अधिक की एरियर्स राशि का भुगतान किया जा रहा है, जिससे वर्ष 2025-26 से देय राशि का लाभ श्रमिकों को मिल सकेगा। कलेक्टर के अनुसार, वेतन वृद्धि और अन्य लाभों के माध्यम से श्रमिकों को प्रतिवर्ष एक करोड़ 16 लाख रुपये से अधिक का अतिरिक्त आर्थिक लाभ होने की बात कही गई है।

श्रमिकों को निःशुल्क टूल किट और सुरक्षा उपकरण

कलेक्टर श्री यादव ने कहा कि श्रमिकों को उनके कार्य के अनुरूप टूल किट और सुरक्षा उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने लगे हैं। इसके साथ ही कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) की राशि नियमित और व्यवस्थित रूप से जमा कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि श्रमिकों को भविष्य में अपने अधिकारों का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने कहा श्रमिकों के उपचार की व्यवस्था को भी पहले की तुलना में बेहतर किया गया है। श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराना प्रबंधन की जिम्मेदारी है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जाने चाहिए।

नई मेस, चार रेस्ट रूम और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

श्री यादव ने कहा निरीक्षण के दौरान श्रमिकों की भोजन संबंधी समस्या भी सामने आई थी। पहले श्रमिकों को भोजन के लिए बाहर जाना पड़ता था, लेकिन अब उनके लिए नई मेस तैयार की गई है। यहां बेहतर डाइनिंग टेबल के साथ टीवी और एलईडी की व्यवस्था की गई है, ताकि श्रमिक सुविधाजनक वातावरण में बैठकर नाश्ता और भोजन कर सकें। इसके अतिरिक्त श्रमिकों की सुविधा के लिए चार रेस्ट रूम बनाए गए हैं तथा फैक्ट्री परिसर में 15 आरओ लगाए गए हैं। इससे श्रमिकों को विभिन्न कार्यस्थलों पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। साइकिल और मोटरसाइकिल चोरी होने की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षित पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है।

जिले ने एस-4 असेसमेंट में 81 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान किया हासिल

दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन में किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तर पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। 22 अक्टूबर को मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय साथिया समागम का आयोजन भोपाल में किया गया। आयोजित साथिया समागम दौरान दमोह जिले ने एस-4 असेसमेंट में 81 अंक हासिल कर राज्य स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रीता चटर्जी सहित प्रभारी जिला समन्वयक ऋषि राज व जिला स्तरीय टीम को संयुक्त निदेशक एवं यूएनएफपीए प्रमुख द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी सहित प्रभारी जिला समन्वयक ऋषि राज के साथ-साथ भारती अग्रवाल, ज्योति शर्मा को इस विशेष उपलब्धि के लिए बधाई प्रेषित की है।

सक्षम साथिया सशक्त समुदाय अभियान हेतु राज्य स्तरीय साथिया समागम का आयोजन

राज्य स्तरीय स्क्वैश प्रतियोगिता के लिए आदित्य तिवारी का चयन

जबेरा। शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र आदित्य तिवारी, पिता हेमंत कुमार तिवारी, निवासी ग्राम बिछिया, का राज्य स्तरीय स्क्वैश प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद जिला क्रीड़ा अधिकारी संजय दादर ने आदित्य तिवारी को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उनकी इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य संजय बाजपेई, उपप्राचार्य अजय सिंघाई एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। आदित्य की सफलता में कमांडो फिजिकल अकैडमी, दमोह के संचालक करन पटेल एवं मनीष सिंह का मार्गदर्शन और सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि आदित्य अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल भावना के बल पर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर आदित्य के पिता हेमंत कुमार तिवारी ने कहा कि जीवन में सफलता केवल जीत हासिल करने में नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास करने, अनुभवों से सीखने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने में है। मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते रहने से हर अनुभव व्यक्ति को सफलता के करीब ले जाता है।

महिला के अंतिम संस्कार के दौरान मायके पक्ष व ससुराल पक्ष के बीच जमकर मारपीट

पुलिस नें मृतिका के पति सहित 9 लोगो के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

बीते बुधवार के दिन अनुविभाग के मडियादो थाना क्षेत्र के महुआखेड़ा गांव में नीता लोधी की मौत हो जानें के बाद उसके अंतिम संस्कार के समय मायके पक्ष के लोगो द्वारा मृतिका नीता का सुहागन के रूप में रीति-रिवाजों के अनुसार श्रृंगार करनें की बात को लेकर ससुराल पक्ष द्वारा विरोध जताया गया जिससे दोनों पक्षों में विवाद हो गया और नौबत मारपीट तक पहुंच गई।जहां मायके पक्ष के 6 लोग गंभीर घायल हो गये वहीं पुलिस द्वारा मृतिका के पति सहित 9 लोगो पर मामला दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि मायके पक्ष द्वारा आरोप लगाए जा रहे है कि पति'पत्नि के बीच हुए विवाद के दौरान पति द्वारा नीता पर गर्म चाय डाल दी थी जिससे वह बुरी तरह झुलस गई थी जहां उसे पहले हटा सिविल अस्पताल फिर जिला अस्पताल से जबलपुर रैफर किया गया था जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था।जिसके बाद मायके पक्ष द्वारा महिला का शव रखकर ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए चक्काजाम कर प्रदर्षन किया गया था।वहीं अंतिम संस्कार के समय उपजे विवाद में मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था अंतिम संस्कार में हुई हिंसक झड़प में मायके पक्ष से सुनीता लोधी रानी लोधी मालती लोधी राजेन्द्र सिंह प्रहलाद सिंह और निर्मल सिंह घायल हुए थे जिन्हें पुलिस द्वारा उपचार के लिए सिविल अस्पताल हटा लाया गया था जहां पीड़ित पक्ष द्वारा मडियादो थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई।पुलिस द्वारा मृतिका के पति सहित ससुराल पक्ष से 9 लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर मायके पक्ष से लगाए गये आरोपों के सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

दशहरा चल समारोह में मस्जिद के पास फायरिंग

पुलिस ने आरोपी पर स्वतः मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

दशहरा चल समारोह के दौरान स्थानीय जामा मस्जिद के सामने फायरिंग करने वाले युवक के वायरल वीडियो को पुलिस ने स्वतः गंभीरता से लेते हुये मुकदमा दर्ज कर लिया है। ज्ञातव्य हो कि 20 अक्टूबर 2026 की शाम जब दशहरा चल समारोह चल रहा था। तभी चल समारोह जब स्थानीय जामा मस्जिद के सामने पहुँचा तो आरोपी जतिन अग्रवाल पिता जगदीश अग्रवाल ने फायरिंग करदी। जिसका वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने स्वतः मामले को संज्ञान में लेकर उस पर अपराध क्रमांक 348/26- धारा 125 बीएनएस- 25 आर्म्स एक्ट कायम कर लिया है। एवं आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।आरोपी के उक्त कृत्य से नगर का माहौल खराब होने की संभावना थी। आरोपी के पिता सांसद प्रतिनिधि एवं माँ नगर परिषद मे एल्डरमेन है। पुलिस थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर व्दारा कानून के राज की स्थापना की दृष्टि से समय पर उठाया गया ये कदम वास्तव मे सराहनीय है।